शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) मेरठ में विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को कोई वित्तीय सहायता स्वीकृत नहीं की गई है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

**शिक्षकों के लिये उत्तर प्रदेश को केन्द्रीय सहायता**

254. श्री महाराज सिंह भारती : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश में सरकारी मान्यता-प्राप्त स्कूलों में काम करने वाले शिक्षकों का वेतन और महंगाई भत्ता बढ़ाने के लिए कितना धन मांगा है ;

(ख) इस प्रयोजन के लिए पिछले वर्ष कितनी राशि दी गई थी और चालू वर्ष में कितनी राशि की व्यवस्था की जायेगी; और

(ग) क्या सरकार ने उतनी राशि देने की कोई नीति बनाई है जितनी सरकारी और गैर-सरकारी दोनों स्कूलों के शिक्षकों को समान वेतन और महंगाई भत्ता देने के लिए पर्याप्त हो ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) राज्य सरकार से ऐसी कोई प्रार्थना प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) कुछ नहीं ।

(ग) मंत्रालय की नीति यह है कि सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के अध्यापकों के वेतन-मानों के बीच समानता होनी चाहिए ।

**रेडियो लाइसेंस**

255. श्री महाराज सिंह भारती : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खरीद की रसीद दिखाये बिना रेडियो लाइसेंस देने के बारे में क्या नीति है; और

(ख) क्या यह सच है कि देश में बेचे जाने वाले ऐसे सेटों के लिए भी लाइसेंस दिये जाते है जो चोरी-छिपे लाये जाते हैं ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य-मन्त्री (श्री इन्द्रकुमार गुजराल) : (क) बिना लाइसेंस का रेडियो कब्जे में रखने वाला व्यक्ति एक वर्ष के लाइसेंस शुल्क के बराबर की रक़म तथा जिस अवधि तक रेडियो सेट कब्जे में रहा हो, उसके लिए देर शुल्क की अदायगी करके किसी भी डाकघर से लाइसेंस प्राप्त कर सकता है । रेडियो सेट के प्राप्त होने के साधन या तारीख के सम्बन्ध में लिखित प्रमाण की अनुपस्थिति में रेडियो के मालिक द्वारा स्वयं की गई घोषणा के आधार पर लाइसेंस जारी कर दिया जाता है ।

(ख) हमें यह नहीं पता कि उपरोक्त (क) में निर्दिष्ट रेडिया सेट चोरी से लाये गए हैं या नहीं ।